नईदुनिया

# नकली घड़ियों को दस हजार वाली ब्रांडेड बताकर पांच-पांच सौ में बेचा जा रहा था



Publish Date: | Wed, 05 Jun 2019 04:01 AM (IST)

भोपाल।नवदुनिया प्रतिनिधि

हमीदिया रोड स्थित गुरुनानक वॉच हाउस में नकली घड़ियों को 10 हजार रुपए तक की ब्रांडेड घड़ियां बताकर पांच-पांच सौ रुपए में बेचा जा रहा था। शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने छापा मारकर दुकान से ब्रांडेड घड़ियों जैसी दिखने वाली ढाई सौ नकली घड़ियां बरामद कर दुकान मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

क्राइम ब्रांच के अनुसार नई दिल्ली के रहने वाले विजय सांगलेकर कैसियो कंपनी के फील्ड अफसर हैं। उन्होंने क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी कि उनकी कंपनी की घड़ियों की हुबहू नकल को हमीदिया रोड पर स्थित गुरुनानक वॉच हाउस पर बेचा जा रहा है। इस पर क्राइम ब्रांच ने टीम बनाकर इस दुकान पर छापा मारा। आरोपित दुकानदार मनोज असनानी उर्फ वेद प्रकाश को हिरासत में लिया गया। उसने उसने कबूल किया वह घड़ी की ब्रांडेड कंपनियों जैसे जीशॉक, कैसियो की नकली घड़ियां बेचता है। उसकी दुकान से ब्रांडेड कंपनियों की 243 नकली घड़ियां बरामद की गईं। पुलिस ने मनोज के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज उसे गिरफ्तार कर लिया है।

Posted By: **Nai Dunia News Network**

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/bhopal-nbergt-htuz-v-sd-h-rcfu-hne-e-m-nsth-jte-ctkzuz-dze-fue-lfu-vtka-mti-b-2983981